आकाशवाणी शिमला

06.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

जगत प्रकाश नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर बिलासपुर पहुंचे जहां उनका पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जगत प्रकाश नड्डा ने बिलासपुर के जबली में बिरोजा फैक्ट्री के समीप भाजपा के जिला कार्यालय भवन दीपकमल का शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और विधायक त्रिलोक जम्वाल, जीतराम कटवाल व रणधीर शर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस केवल एक परिवार पर आधारित पार्टी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में आई आपदा के समय भी कांग्रेस के किसी भी राष्ट्रीय नेता ने लोगों का हाल नहीं पूछा जबकि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने हिमाचल को भरपूर सहायता दी। नड्डा ने कहा कि उन्होंने और अनुराग ठाकुर ने हिमाचल आकर आपदा के समय लोगों का कुशलक्षेम पूछा और उन्हें केन्द्र की तरफ से मदद भी दिलाई।

राज्यपाल

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में इस सत्र से प्रवेश के समय विद्यार्थियों को नशा न करने का शपथ पत्र भरना होगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज विश्व विद्यालय की 35वीं कोर्ट बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि इसके अलावा विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अभिभावकों को भी पत्र लिखकर या ईमेल के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि नशा एक गम्भीर समस्या है जिसके लिए कॉलेज स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रदेश विश्वविद्यालय को पुर्नप्रतिष्ठापित करने के लिए मिलकर प्रयास करने की जरूरत बताई। बैठक में राज्यपाल ने वर्ष 2021—22 और 2022—23 की वार्षिक रिपोर्ट को अनुमोदित किया और वर्ष 2018—19 का वार्षिक लेखा भी अनुमोदित किया। उन्होंने कोर्ट की बैठक में सदस्यों की अनुपस्थिति पर चिंता जताई।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार 12वीं कक्षा के बाद सीधे बीएड कोर्स शुरू करने पर विचार कर रही है। वह आज शिमला में निजी कॉलेज के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सरकार ने युवाओं को कौशलयुक्त बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा स्टोरेज जैसे नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। उन्होंने कॉलेज के मेधावी छात्रों के लिए

पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नशे जैसे सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

वन मंजूरी

मण्डी जिले में सलापड़ तत्तापानी सड़क के नवीनीकरण को लेकर फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिल गई हैं और जल्द ही वन व निजी भूमि के अधिग्रण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सुंदर नगर के विधायक राकेश जम्वाल ने बताया कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2019 में इस सड़क को डबल लेन करने के लिए सीआरएफ के तहत 2 सौ 19 करोड़ रूपए की धनराशि मंजूर की थी और अब फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिलने से इसका कार्य शुरू हो जाएगा।

संघ

राज्य पथ परिवहन निगम की चालक व परिचालक यूनियन पिछले कई दिनों से वित्तीय देनदारियों को अदा न करने और सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में आंदोलनरत है। यूनियन के अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि अगर 9 मार्च तक उनकी मांगे नहीं मानी गई तो 72 घंटे के लिए चक्का जाम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यूनियन ने इस संबंध में प्रबंधन को नोटिस दे दिया है।

———————————————